प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



महिला आरक्षण विधेयक -मोदी सरकार का क्या है प्लॉन? पेज- 2

www.newswani.in

पेज-6 भाजपा के नवनियुक्त नगर महामंत्री का हुआ स्वागत

वर्ष : 15 अंक : 102 शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## विकसित भारत लक्ष्य के लिए सार्वजनिक सेवाओं को लगातार अद्यतन करने की जरूरत : प्रधानमंत्री मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को श्विकसित भारतश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बदलते समय के साथ सिविल सेवाओं को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्साधना सप्ताहश कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा कि देश के शासन को नागरिकों के लिए दैनिक आधार पर जीवनयापन की सुगमता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश में शासन का सिद्धांत नागरिक देवो भवः के मंत्र पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामूहिक भावना के साथ यह मंत्र सार्वजनिक सेवाओं को अधिक सक्षम और नागरिकों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब हम



प्रशासनिक सेवाओं में सुधार और बदलाव की बात करते हैं तो उसका एक आशय है कि लोक सेवकों के व्यवहार में बदलाव। हम सभी जानते हैं कि पुरानी व्यवस्था में जोर अधिकार होने पर ज्यादा होता था लेकिन आज देश का जोर कर्तव्य भावना पर ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रयासों को 2047 के विकसित भारत के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, देश के विकास पथ पर हमारे (सिविल सेवकों) द्वारा किए जा रहे कार्यों का क्या प्रभाव पड़ेगा? हमारे एक निर्णय से कितने नागरिकों का जीवन बदल सकता है हमारा व्यक्तिगत परिवर्तन संस्थागत परिवर्तन कैसे बन सकता है यह प्रश्न हमारे हर प्रयास का हिस्सा होना चाहिए। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी को समझना और उसका सही उपयोग करना सार्वजनिक सेवा का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, आप तभी बेहतर प्रशासक और बेहतर लोक सेवक बन सकते हैं जब आप प्रौद्योगिकी और डेटा को समझें। यही आपके निर्णय लेने का आधार बनेगा, इसलिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और निरंतर सीखने को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। यह आयोग शासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह, नागरिक–केंद्रित और भविष्य के लिए तैयार बनाने हेतु रूपरेखा तैयार करता है, मानक निर्धारित करता है और सहयोग को प्रोत्साहित करता है। यह क्षमता विकास और योग्यता पर आधारित शिक्षा के माध्यम से सिविल सेवा सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी रूपरेखा का संरक्षक है।

## असम में राहुल गांधी ने अमेरिका-इंडिया डील को लेकर पीएम मोदी पर लगाए गंभीर आरोप

गुवाहाटी असम विधानसभा चुनाव 2026 के प्रचार के दौरान गुरुवार को करबी आंगलोंग में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अमेरिका–भारत समझौते को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यह डील देश के हित में नहीं बल्कि दबाव में



की गई है। राहुल गांधी ने कहा कि लोग यह सवाल कर सकते हैं कि असम चुनाव में अमेरिका–भारत समझौते की बात क्यों हो रही है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि इसका सीधा असर देश के किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की कृषि व्यवस्था को अमेरिका के लिए खोल दिया है, जिससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बड़े पैमाने पर खेती होती है और वहां आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल होता है, जबकि भारत के किसान छोटे स्तर पर खेती करते हैं। ऐसे में प्रतिस्पर्धा असमान होगी और भारतीय किसान "कुचल दिए जाएंगे। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा को भी प्रभावित किया गया है और अब तेल खरीद के फैसलों में भी अमेरिका की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारत अगर किसी अन्य देश से तेल खरीदना चाहे तो उसे अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका की मंजूरी की जरूरत होगी।इसके अलावा उन्होंने डेटा सुरक्षा और छोटे उद्योगों पर भी चिंता जताई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हर साल 9 लाख करोड़ रुपये के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता से भारत के एमएसएमई सेक्टर को नुकसान होगा। उन्होंने अंत में कहा कि यह समझौता इसलिए हुआ क्योंकि क्वदंसक ज्तनउच का प्रभाव प्रधानमंत्री मोदी पर है।

## अमित शाह का बड़ा ऐलान, 15 दिनों तक बंगाल में रहकर संभालूंगा चुनावी कमान

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से ठीक पहले



राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। चुनाव में सत्तारूढ़ टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच सीधे टक्कर देखने को मिली रही है। इसी क्रम में शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में नंदीग्राम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ललकारते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने घोषणा की कि वह आगामी 15 दिनों तक लगातार पश्चिम बंगाल में ही रहकर चुनावी कमान संभालेंगे। गुरुवार को अमित शाह कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बंगाल चुनाव में 15 दिन तक बंगाल में ही रहने वाला हूं। मैं यहां खासतौर पर शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। शुभेंदु की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखेगी। अमित शाह ने ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पिछली बार दीदी नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार वह भवानीपुर के साथ–साथ पूरे बंगाल को खो देंगी। उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरुआत है। शाह ने जोर देकर कहा कि नंदीग्राम की जनता इस बार फिर से इतिहास दोहराएगी और ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मैंने पूरे बंगाल का दौरा किया है और जहां भी जाता हूं, वहां एक ही आवाज गूंज रही है– ममता बनर्जी को बाय–बाय कर दो। चुनाव से पहले ही बंगाल का दौरा करें, जहां भी जाएं, हर जगह यही आवाज सुनाई दे रही है कि सरकार को विदा कर दो और ममता बनर्जी को बाय–बाय कह दो। गृह मंत्री ने बंगाल की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की टोलबाजी और गुंडागर्दी से पूरी तरह त्रस्त है.आए दिन हो रहे बम धमाकों और बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। राज्य में आए दिन होने वाले बम धमाकों ने सुरक्षा व्यवस्था को तार–तार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने घुसपैठियों को संरक्षण दिया है, जिससे राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। शाह ने युवाओं से वादा किया कि भाजपा सरकार आने पर बेरोजगारी को खत्म किया जाएगा और विकास की नई लहर लाई जाएगी, ताकि बंगाल फिर से अपनी पुरानी पहचान पा सके।

## राहुल गांधी ने हिमंत को बताया सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री

### कहा- मोदी-शाह के साथ मिलकर असम में चला रहे लैंड एटीएम

(एजेंसी) बोकाजान। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में लैंड एटीएम चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं। बोकाजान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रतन इंगती के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग असम और उसके लोगों के लिए खड़े थे और कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मौत के मामले में न्याय दिलाएगी। राहुल ने कहा, भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं और उनका परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री असम को गिरोहों के माध्यम से चला रहे हैं और उनके भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण मोदी ने उन पर पूरी तरह से नकेल कसी हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि असम में तीन बड़े कॉरपोरेट घरानों को कुल



98,400 बीघा जमीन सौंप दी गई है। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और हिमंत विश्व शर्मा ने असम में एक लैंड एटीएम बना दिया है। वे लोगों से जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं। प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरे राज्य और उसके लोगों का प्रतिनिधित्व करते थे। गर्ग की पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, वह किसी एक व्यक्ति, एक समुदाय, एक भाषा या एक इतिहास के लिए नहीं खड़े थे। वह असम की बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक परंपरा की भावना को दर्शाते थे। हम सत्ता में आएंगे तो 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाएंगे और यह 100 प्रतिशत तय है। राहुल ने यह भी कहा कि कांग्रेस विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम को दिल्ली से चलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, यही भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर है। असम में विभिन्न विचारधाराओं, पहचानों, धर्मों और जातियों के लोग रहते हैं, जो विभिन्न फूलों के गुलदस्ते की तरह है। हम चाहते हैं कि लोग इसी तरह रहें। उन्होंने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 244(ए) को पूरी तरह लागू करने का वादा करते हैं। कार्बी आंगलोंग और छठी अनुसूची के सभी क्षेत्रों का शासन स्थानीय लोगों द्वारा किया जाएगा, न कि गुवाहाटी या दिल्ली से। राहुल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तहत आदिवासी आबादी के सभी अधिकारों और पहचान की पूरी तरह से रक्षा की जाएगी। भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि यह नयी दिल्ली के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि अमेरिकी वस्तुओं पर कर कम किए गए हैं और भारतीय बाजार को उनके लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा, (अमेरिकी राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप, एप्स्टीन फाइल्स के कारण नरेन्द्र मोदी को नियंत्रित करते हैं। ट्रंप ने अमेरिका में अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस व्यापार समझौते के कारण कृषि क्षेत्र को अमेरिकी कॉरपोरेट्स के लिए खोल दिया गया है और कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका भारत पर दबाव बनाने की स्थिति में है। उन्होंने कहा, श्नरेन्द्र मोदी ने सारा डेटा भी ट्रंप को सौंप दिया है। इस समझौते में कहा गया है कि भारत को अमेरिका से नौ लाख करोड़ रुपये के सामान खरीदने होंगे। इससे भारत के छोटे उद्योगपतियों और व्यापारियों को भारी नुकसान होगा। राहुल ने पार्टी की पांच गारंटी का भी जिक्र किया, जिनमें हर महिला के बैंक खाते में बिना शर्त हर महीने धनराशि भेजना और व्यवसाय शुरू करने या विस्तार करने की इच्छुक महिलाओं को अतिरिक्त 50,000 रुपये की सहायता देना शामिल है। सत्ता में आने की कोशिश कर रही कांग्रेस ने सभी परिवारों के लिए 25 लाख रुपये का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख मूल (आदिवासी) लोगों को स्थायी भूमि पट्टे देने का वादा किया है। इसके अलावा, राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को प्रति माह 1,250 रुपये देने और बुजुर्गों से जुड़े मामलों की देखरेख के लिए एक अलग विभाग स्थापित करने की भी घोषणा की गई है। सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर जुबिन गर्ग को न्याय दिलाना भी विपक्षी कांग्रेस की एक गारंटी बताया गया है। असम में 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव नौ अप्रैल को होगा जबकि नतीजे चार मई को घोषित किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में बदलावय राज्यसभा की सदस्यता से पहले जेड प्लस सिक्योरिटी मिली

(एजेंसी) नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं। इस कारण उनकी सुरक्षा में फेरबदल किया गया है। अब सीएम नीतीश कुमार को जेड प्लस (जेड प्लस) श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को आदेश जारी कर दिया है। जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि उन्हें बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट–2000 के तहत सुरक्षा दी जाएगी, जो मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी जारी रहेगी। गृह विभाग की ओर से जारी पत्र में नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने का भी बताया गया है। बताया गया है कि वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर उच्च सदन की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में उनकी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसके बाद उन्हें जेड प्लस जैसी श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अब तक बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट– 2000 के तहत सुरक्षा मिली हुई है। अब चुकी वह मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं, तो देश स्तर पर यात्राओं और संवेदनशीलता के मद्देनजर उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के



रूप में शपथ लेंगे। इसके लिए वह संभवतः 8 या 9 अप्रैल को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सूत्रों के अनुसार, नीतीश कुमार अपनी राज्यसभा सदस्यता की शपथ 10 अप्रैल को ग्रहण करेंगे। इसके लिए नीतीश कुमार 8 या 9 अप्रैल को दिल्ली जाएंगे। बता दें कि शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार अपने मुख्यमंत्री पद से 13 अप्रैल के बाद इस्तीफा दे सकते हैं।

## गौतम अदाणी ने परिवार संग किये रामलला के दर्शन, हनुमान जयंती पर बोले- भावुक क्षण, मन को असीम संतोष

(एजेंसी) अयोध्या। देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी गुरुवार को अयोध्या पहुंचेंगे। वह अपने निजी विमान से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरें। गौतम अडानी को लेकर एयरपोर्ट पर सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। वह यहां तीन घंटे तक रहें। राम मंदिर में दर्शन–पूजन करने के बाद सुबह 11 बजे के करीब लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करना प्रस्तावित है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर देश–दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियां अयोध्या पहुंची थी। इसमें अंबानी परिवार भी मौजूद था। संभवतः उद्योगपति गौतम अडानी उस दौरान आयोजन में शामिल नहीं हो सके थे। बताया जाता है कि गौतम अडानी चंडीगढ़ से यहां पहुंच रहे हैं। हनुमान जयंती पर गुरुवार को राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। संभावना जताई जा रही है कि अडानी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। हालांकि अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा हमेशा चुस्त दुरुस्त रहती है। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी बृहस्पतिवार को हनुमान जयंती समारोह के दिन अपने परिवार के साथ यहां राम मंदिर में भगवान



राम की प्रार्थना की। गौतम अदाणी के साथ उनकी पत्नी प्रीति अदाणी और बेटे करण अदाणी थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा कि अदाणी परिवार ने मंदिर में पवित्र अनुष्ठानों में भाग लिया और प्रार्थना की। गौतम अदाणी ने एक्स पर पोस्ट किया, आज अयोध्या में हमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा,श्रीराम का जीवन मर्यादा, करुणा और कर्तव्य का प्रतीक है। उनके आदर्श हमें निरंतर धर्म और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अदाणी ने कहा, हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इस पवित्र भूमि पर परिवार सहित आकर मन को असीम संतोष मिला। प्रभु श्रीराम और बजरंगबली भारत को एकता, साहस और समृद्धि का आशीर्वाद दें।

# सम्पादकीय

## असम में मोदी और प्रियंका

गौरतलब है कि असम में इसी 9 अप्रैल को चुनाव हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि नतीजे 4 मई को घोषित होंगे। राज्य की सत्ता में भाजपा की सरकार है। मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के पास अपने दम पर पार्टी को दोबारा सत्ता में लाने की चुनौती है तो वहीं कांग्रेस भी उसे सीधी टक्कर देती नजर आ रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बागान जाकर तस्वीरें खिंचाने का मतलब साफ है कि भाजपा यह बताना चाहती है कि वहां के



नफीस जाफरी

चाय बागानों में काम करने वाले लोगों के साथ पार्टी पूरी मजबूती से खड़ी है। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों सुबह–सुबह असम के डिब्रूगढ़ पहुंच गए। वहां चाय बागान में मौजूद महिलाओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके अलावा उनके अनुरोध पर एक सेल्फी भी खिंचाई। जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने डिब्रूगढ़ के चाय बगान की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि चाय असम की आत्मा है। यहां की चाय ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। अपने असम दौरे के दौरान डिब्रूगढ़ में, मैं एक चाय के बगान में गया और वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। यह मेरे लिए एक बहुत ही यादगार अनुभव था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे लिखा कि चाय की पत्तियां तोड़ने के बाद महिलाएं अपने संस्ति के बारे में मुझसे बातें करती रहीं और फिर एक सेल्फी भी ली। हम सभी चाय बागान परिवारों के प्रयासों पर बहुत गर्व करते हैं। उनकी मेहनत और लगन ने असम की प्रतिष्ठा को और बढ़ाया है। वहीं अब बात कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की तो उन्हों ने असम विधानसभा चुनाव की अपनी पहली रैली के बाद मीडिया से बात की और इस दौरान प्रियंका गांधी ने एक नया असम बनाने की वकालत करते हुए कहा कि असम की संस्ति और स्वाभिमान को मजबूत बनाया जाना चाहिए। ईमानदार सरकार लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केरल और असम में सत्य की लड़ाई है, जनता की लड़ाई है। प्रियंका ने साफ कहा कि असम में कांग्रेस सत्ता में आई तो गौरव गोगोई मुख्यमंत्री बनेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि हर चीज मंहगी हो चुकी है. चुनाव के कारण कीमत फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन चुनाव के बाद पेट्रोल–डीज़ल के दाम बढ़ने तय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की वजह से देश पर बड़ा संकट है। ईरान युद्ध की वजह से दाम बढ़े, लेकिन सरकार की नीतियों की वजह से भी दाम बढ़े हैं। भारत ने हमेशा बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन रखा था, किसी भी ग़ुलामी नहीं की। लेकिन ये अमेरिका और इज़राइल की गुलामी कर रहे हैं। वहीं ज़ुबिन गर्ग को याद करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि भूपेन हजारिका और ज़ुबिन गर्ग असम की पहचान हैं। ज़ुबिन गर्ग अहोम और असम की आवाज थे। असम के हर परिवार ने उनकी मौत का शोक जताया। ज़ुबिन ने जो रास्ता दिखाया, उसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। नई सरकार ज़ुबिन के सपनों का असम बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर दस दिनों के अंदर ज़ुबिन को न्याय दिलाएंगे। प्रियंका ने आरोप लगाया कि महिलाओं को सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाने के बहाने भाजपा के कार्यक्रम में जाने का दबाव डाला जाता है, डराया जाता है। असम की सारी संपत्ति उद्योगपतियों को दी जा रही है। राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि असम सरकार में भ्रष्टाचार है। मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा खुद भ्रष्टाचार में व्यस्त हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम ये क्यों नहीं बताते कि विभिन्न जातियों को दर्जे का वादा पूरा क्यों नहीं किया? युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा? उन्होंने आरोप लगाया कि असम में एक परिवार सब कुछ लूट रहा है। सारी खदानें, जमीन बड़े उद्योगपतियों को सौंपी जा रही है। हर जगह माफिया सिंडिकेट है। कांग्रेस नेता का आरोप था कि ये डबल इंजन की सरकार नहीं बल्कि डबल गुलामी की सरकार है। असम के चाय बागान में काम करने वालों का मुद्दा उठाते हुए प्रियंका ने कहा कि असम की तरह वायनाड में भी चाय के बागान हैं, चाय बागान की महिलाओं के हाथों में छाले पड़ जाते हैं। टी वर्कर को पांच साल पहले भाजपा ने 350 दिन काम देने का वादा किया था, लेकिन बहुत मामूली बढ़ोतरी ही हो पाई है।

## भाजपा को मिली कामयाबी

हरिशंकर व्यास

बिहार में नीतीश कुमार का शासन नरेंद्र मोदी के लिए दुखती रग की तरह था। आखिर नीतीश एनडीए के इकलौते नेता थे, जिन्होंने 2013 में मोदी को एनडीए की चुनाव समिति का प्रमुख और बाद में प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने का विरोध करते हुए एनडीए छोड़ा था। इसके बाद वे अकेले चुनाव लड़े और मोदी ने रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से तालमेल करके चुनाव लड़ा। उस चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उसने अकेले 243 सीटें मिलीं और एनडीए ने 32 सीटें जीतीं। नीतीश कुमार की पार्टी दो सीटों पर सिमट गई। तो मोदी को लगा कि उन्होंने नीतीश को हैसियत दिखा दी। नीतीश को भी हकीकत का अहसास हुआ तो उन्होंने 2015 के विधानसभा चुनाव में अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद और कांग्रेस से तालमेल कर लिया। नवंबर 2015 से पहले होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जुलाई के महीने में नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सभा करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश के डीएनए में गड़बड़ी है। इसके चार महीने के बाद चुनाव में नीतीश और लालू की जोड़ी ने भाजपा और उसके सहयोगियों को बुरी तरह से हराया। मोदी प्रधानमंत्री थे और अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा गठबंधन को बिहार की 243 में से सिर्फ 59 सीटें मिलीं। इस हार ने मोदी और शाह को मजबूर किया कि वे नीतीश के साथ फिर से तालमेल करें। झक्ख मार कर उन्हें नीतीश को एनडीए में लाना पड़ा और मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। मोदी और शाह की नीतीश के प्रति कैसी कुंठा या खुन्नस थी यह 2020 के चुनाव में फिर दिखा। डीएनए पर सवाल उठाने के बाद वाले चुनाव में भाजपा ने नीतीश को निपटाने का पूरा प्लान बनाया और चिराग पासवान को गठबंधन से अलग चुनाव लड़वाया। चिराग को सारे संसाधन भाजपा ने दिए यहां तक कि ज्यादातर उम्मीदवार भी भाजपा ने ही दिए, जो बाद में फिर भाजपा में लौट आए। चिराग को चुनाव नहीं जीतना था, बल्कि नीतीश को हरवाना था। इसमें काफी हद तक कामयाबी मिली। लेकिन नतीजे भाजपा के मनमाफिक नहीं आए। नीतीश तो 43 ही सीट जीत पाए लेकिन दूसरे ओर राजद 75 सीट जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बन गई। महागठबंधन को 110 सीटें मिल गईं। सो, फिर मजबूरी हो गई कि नीतीश को सीएम बनाया जाए। हालांकि इसके बावजूद भाजपा को हैसियत दिखाने के लिए नीतीश एक बार फिर राजद के साथ जाकर सरकार बनाई। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया और श्इंडियाय ब्लॉक का गठन भी कराया। फिर मजबूरी में भाजपा को नीतीश कुमार की वापसी करानी पड़ी और बराबर सीटें देकर समझौता करना पड़ा। भाजपा को नीतीश का शुक्रगुजार होना चाहिए था कि उनकी वजह से बिहार में एनडीए को लोकसभा में 30 सीटें मिलीं और विधानसभा में 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला। लेकिन 2013 से ही नीतीश को खत्म करने की ग्रंथि पाले भाजपा नेताओं ने शुक्रगुजार होने की बजाय पहला मौका मिलते ही उनको निपटा दिया। इस बार विधानसभा चुनाव में नीतीश की पार्टी 85 सीटों पर जीती लेकिन विधानसभा का गणित ऐसा बन गया कि नीतीश के लिए दूसरे पाले में जाकर सरकार बनाना मुश्किल हो गया। दूसरे, भारत की राजनीति के सबसे अधिक कैलकुलेटिंग माइंड वाले नेता नीतीश कुमार की मानसिक अवस्था बिगड़ गई। वे भूलने की बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी भाजपा ने उन पर अंतिम वार किया और निपटा दिया। नीतीश को और उनकी राजनीति को समाप्त करने का प्रयास पिछले 13 साल से किया जा रहा था। कामयाबी तब मिली, जब उनकी मानसिक दशा बिगड़ी। भाजपा ने उनके लाचार होने का फायदा उठा कर बेहद अपमानजनक तरीके से उनको मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने का बंदोबस्त किया और अपना मुख्यमंत्री बनाने की व्यवस्था की।

# महिला आरक्षण विधेयक -मोदी सरकार का क्या है प्लॉन?



गुलफिशा खान

ऐसा माना जा रहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर दो विधेयक लाने की योजना बना रही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पहला प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू करने की रूपरेखा प्रस्तुत करेगा। इसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 33 प्रतिशत कोटा के भीतर अलग से आरक्षण का प्रावधान भी शामिल होगा। सरकारी सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी कि इस प्रस्तावित विधेयक को दो तिहाई बहुमत से पारित करना होगा। इसे राज्यों की ओर से अलग से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। दूसरा विधेयक परिसीमन आयोग की स्थापना के लिए लाया जाएगा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, सरकार की कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत जारी है। सरकार ने पिछले कुछ दिनों में इस नए प्रस्ताव पर अन्य विपक्षी दलों से भी संपर्क किया है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने वाला बिल अप्रैल के तीसरे हते में लाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि विपक्षी पार्टियों ने सरकार से मांग की थी कि महिला आरक्षण संशोधन बिल को पेश करने से पहले ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई जाए। हालांकि, उन्होंने शर्त ये रखी थी कि ऑल पार्टी मीटिंग 29 अप्रैल के बाद यानी बंगाल और बाकी राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद की जाए। लेकिन सरकार बिल को अप्रैल के तीसरे हते में ही लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए



बजट सत्र की अवधि बढ़ाई जा सकती है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में ही पास हो चुका है। अब सरकार इसमें संशोधन करने जा रही है। इस बिल को मार्च में ही लाए जाने की तैयारी थी लेकिन विपक्ष की आपत्ति के बाद इसे टाल दिया गया। अब सूत्रों का कहना है कि इस संशोधित बिल को 15 अप्रैल के आसपास लाया जा सकता है। इसी बिल के साथ परिसीमन बिल भी पेश किए जाने की संभावना है ताकि लोकसभा और विधानसभा की सीमाओं का परिसीमन किया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, दोनों बिल 13 अप्रैल से शुरू होने वाले हते में पेश हो सकते हैं। केंन्द्र सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया था कि महिला आरक्षण को 2029 के लोकसभा चुनाव से ही लागू करने के मकसद से 2023 के कानून में बदलाव किया जाना है। इसके लिए कानून में रखी गई 2026 की जनगणना और उसके आधार पर किए जाने वाले परिसीमन की अनिवार्यता को खत्म कर उसकी जगह 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन का प्रावधान किया जाएगा। सरकार का मानना है कि 2027 की जनगणना के आंकड़े आने में बहुत समय लग सकता है। इसके बाद परिसीमन में और ज्यादा समय लगेगा, जिस कारण 2029 के चुनाव में इसे लागू नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही सरकार लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर भी बिल लाने की तैयारी कर रही है। लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ाने पर 2002 में पारित किए गए संविधान संशोधन के जरिए 2026 तक रोक लगाई गई थी। नया बिल लाकर इस रोक को हटाया जाएगा ताकि सीटों की संख्या बढ़ाई जा सके। सूत्रों के मुताबिक, हर राज्य में लोकसभा और विधानसभा सीटों की वर्तमान संख्या में 50 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। इस तरह लोकसभा में कुल सीटों की वर्तमान संख्या 543 से बढ़कर 816 हो जाएगी और बढ़ी हुई संख्या का एक तिहाई यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाएंगी।

# नक्सल मुक्त भारत में एक सवाल अभी भी अहम और सोचनीय!



फरीद वारसी

नक्सल मुक्त भारत की डेडलाइन 31 मार्च 2026 को पूरी हो गई। ऐसे में मोदी सरकार ने संसद में दावा किया कि नक्सलवाद अब समाप्त हो गया है। लोकसभा में नक्सल मुक्त भारत पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– देश में अब नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है... जब यह पूरी प्रक्रिया औपचारिक रूप से पूरी हो जाएगी, तब देश को इसकी जानकारी दी जाएगी। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि हम नक्सल–मुक्त हो चुके हैं.। अमित शाह ने इस चर्चा के दौरान यह भी कहा, आज बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है। बस्तर के हर एक गांव में स्कूल खोलने के लिए एक अभियान चलाया गया। जैसा कि उल्लेखनीय है कि नक्सल मुक्त भारत का ऐलान हो गया है। लेकिन, इस सब के बीच कुछ बड़े नक्सलियों के नाम अब भी चर्चा हैं, इनमें एक करोड़ का इनामी टॉप लीडर गणपति, एक करोड़ का इनामी मिशिर बेसरा और महिला नक्सली रूपी, कोसा, बेच्चा, चंदर शामिल हैं। ये अब भी अंडर ग्राउंड हैं, इनकी न तो गिरतारी हो सकी है और न ही इन्होंने हथियार डाले हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ये खूंखार माओवादी कहां हैं, इनका क्या होगा? आइए इस आलेख के माध्यम से विस्तार से जानते हैं, इनके बारे में क्या चर्चा है। एक अनुमान के अनुसार, छत्तीसगढ़ में सशस्त्र नक्सलियों की संख्या 25 के भीतर ही सिमट गई है। इनमें तीन बड़े लीडर ही



बचे हैं। 78 साल का मोपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति माओवाद संगठन का पूर्व महासचिव, पोलित ब्यूरो सदस्य है। उस पर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम है। गणपति को लेकर अलग–अलग चर्चाएं हैं। कहा जा रहा है कि वह सुरक्षा एजेंसियों के संपर्क में है। साथ ही यह भी चर्चा है कि वह देश छोड़कर भाग गया है। उसने नेपाल में अपना ठिकाना बना लिया है। माओवादी सेंट्रल कमेटी का सदस्य मिसिर बेसरा भी एक करोड़ का इनामी है। बताया जा रहा है कि वह 70 हथियारबंद नक्सलियों के साथ झारखंड और उसके आसपास के जंगल में एक्टिव है। हिडमा की टीम में शामिल रहा नक्सल कमांडर हेमला बेच्चा, सोढ़ी केशा, महिला नक्सल लीडर रूपी और चंदर भी अंडर ग्राउंड हैं। अब तक इनकी भी गिरतरी नहीं हो सकी है। चर्चा है कि सोढ़ी केशा और हेमला बेच्चा बीजापुर–तेलंगाना के सीमावर्ती जंगल में छिपे हुए हैं। रूपी अपने एक दर्जन साथियों के साथ कांकेर व सीमावर्ती जिलों के जंगल में सक्रिय हैं। बताया जा रहा है कि सोढ़ी केशा, हेमला बेच्चा और रूपी से सुरक्षा एजेंसियां संपर्क करने का प्रयास कर रही हैं। कुछ दिन पहले रूपी और चंदर के तीन साथी सदस्यों ने सरेंडर किया था। इसके बाद उन्होंने पत्र लिखकर रूपी और चंदर से लौट आने की अपील भी की नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च 2026 खत्म होने के बाद भी इन बड़े माओवादियों के पकड़ से बाहर होने को लेकर मीडिया ने बस्तर रेंज आई सुंदरराज पी से बात की। उन्होंने कहा कि गणपति की उम्र हो गई, वह ज्यादातर अस्वस्थ ही रहता है। उसमे अब वह ताकत नहीं बची कि वह संगठन को दोबारा खड़ा कर सके। मिसिर बेसरा झारखंड में लंबे समय से सक्रिय रहा है। झारखंड की सुरक्षा एजेंसी उसे मुख्यधारा में लौटाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा क 26 महीने में 2500 से ज्यादा नक्सलियों ने किया पुनर्वास किया है, 2000 से अधिक की गिरतारी हुई है। 600 से ज्यादा को मार दिया गया है। नक्सलवाद को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि 31 मार्च का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो रहा है। अब सशस्त्र नक्सली समस्या से राज्य को निजात मिल गई है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से बहुत धन्यवाद।

# पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा

अजीत द्विवेदी

दस साल हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सात फरवरी 2016 को ओडिशा के पारादीप में भारत की सबसे बड़ी पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन यानी आईओसी की एक रिफाइनरी का उद्घाटन करते हुए यह बात कही थी। उन्होंने उस समय एक लक्ष्य भी तय किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2022 तक भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए विदेशी निर्भरता को 10 फीसदी तक कम करेगा। उस समय भारत 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था। आज 10 साल बाद भारत का कच्चे तेल का आयात 85 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी जहां दस फीसदी आयात कम होना था वहां पांच फीसदी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने आयात पर निर्भरता 10 फीसदी घटाने के लक्ष्य के साथ साथ यह भी कहा था कि ऊर्जा जरुरतों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने चार क्षेत्र बताए थे, जहां काम किया जाना था। इसमें इथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ाना और तेल, गैस आदि की खोज को प्रोत्साहित करना शामिल था। सोचें, 10 साल पहले ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात प्रधानमंत्री के मुंह से सुनना कितना अच्छा लगा होगा! उसमें भी तात्कालिक लक्ष्य आयात में 10 फीसदी की कमी का रखा गया था। एक ब्लूप्रिंट भी पेश किया गया। लेकिन 10 साल के बाद देश कहां पहुंचा? आज स्थिति यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर पहले से ज्यादा निर्भर हो गया है। ऐसा नहीं कि सिर्फ तेल के मामले में भारत की निर्भरता बढ़ी है। हकीकत यह है कि जिस नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने का संकल्प किया गया था उनके लिए भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना है पर उसकी लिए बैटरी और दूसरी कई तकनीकी चीजें चीन से आएंगी। इसी तरह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का मामला है तो उसके लिए भी सोलर प्लेट्स में लगने वाले कल पुर्जे और दूसरे उपकरण चीन से आएंगे। सोचें, हम तेल के साथ साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के मामले में भी दूसरे देशों पर निर्भर हो गए हैं। ऐसा नहीं है कि 10 साल में इन क्षेत्रों में कोई काम नहीं हुआ। लेकिन थोड़े से काम होने से तो देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन जाएगा? जब प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल आयात में 10 फीसदी की कमी की जाएगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ा जाएगा तो निश्चित रूप से उनके दिमाग में कोई योजना होगी, लंबे समय की कोई प्लानिंग होगी! फिर किसने उनको उस योजना पर काम नहीं करने दिया? ऐसा तो नहीं हो सकता है कि आत्मनिर्भरता की योजना के नाम पर थोड़ा सा उत्पादन बढ़ाने की योजना हो? जब इतनी बड़ी घोषणा की जाती है तो उसे पूरा करने के लिए उतना ही बड़ा प्रयास करना होता है। उस प्रयास में स्पष्ट कमी दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि समय समय पर इस तरह की बातें करके प्रधानमंत्री ने लोगों को भरोसा तो दिया कि वे देश की समस्या को समझ रहे हैं और उसका समाधान करना चाहते हैं। लेकिन समाधान की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया।



उन्होंने 2016 के बाद तेल आयात कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात अनेक बार कही। लेकिन सवाल है कि क्या वे देख नहीं रहे थे कि उनकी बातों या दावों में और देश की वास्तविकता में कितना अंतर है? आज जब संकट देश के सामने आया तो सबका ध्यान इस वास्तविकता की ओर गया है। ईरान में जंग शुरू हुए 12 दिन हुए हैं और भारत में हाहाकार मचा है। भारत सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी एस्मा लागू करना पड़ा है। हालांकि रसोई गैस का मामला कालाबाजारी का भी है। लेकिन यह भी सही है कि किल्लत बढ़ रही है क्योंकि भारत अपनी एलपीजी की जरुरतों का 80 फीसदी से ज्यादा खाड़ी के देशों से आयात करता है और उसके भंडारण की भी वैसी व्यवस्था देश में नहीं है, जैसी कच्चे तेल के लिए है। इसलिए संकट तो है। तभी देश भर में होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं और सरकार को प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति के नियम बनाने पड़े हैं। सरकार ने घरेलू आवंटन को सौ फीसदी रखने को कहा है लेकिन उद्योगों और व्यावसायिक संस्थाओं के आवंटन में 20 से 30 फीसदी की कटौती हुई है। एलपीजी के अलावा तेल का संकट भी है तभी विमानन कंपनियों ने किराया बढ़ाना शुरू कर दिया है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कम होने से उर्वरक से लेकर प्लास्टिक उद्योग तक करीब 75 उद्योग हैं, जहां असर हुआ है। उर्वरक के उत्पादन पर असर होगा तो अंततरू उससे खाद्यान्न सुरक्षा भी प्रभावित होगी। ऊर्जा के क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ने की घोषणा के 10 साल हुए हैं तो श्आत्मनिर्भर भारत अभियान्य के भी छह साल होने जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच 12 मई 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। सरकार की ओर से 20 लाख करोड़ रुपए के एक राहत पैकेज की घोषणा भी हुई थी। हालांकि वह पूरी तरह से क्रेडिट गारंटी की योजना थी। किसी को मदद के तौर पर इसमें से एक रुपया नहीं मिला, बल्कि सबको कर्ज देने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन वह अलग कहानी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान्य के तहत तय किया गया कि भारत में बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा, युवा शक्ति का अधिकतम इस्तेमाल होगा, देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा, तकनीक के क्षेत्र में देश को बेहतर बनाया जाएगा और मांग को पूरा करना की आत्मनिर्भर व्यवस्था बनेगी। लेकिन छह साल के बाद कोई नया क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें आत्मनिर्भरता बनी है। जब आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा हुई थी लगभग उसी समय भारत ने चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को रोकने के लिए एक नियम बनाया था। अब उस नियम में ढील दे दी गई है। ऐसा लग रहा था कि चीन से दूरी बना कर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा लेकिन छह साल के बाद भारत फिर उसी रास्ते पर लौटा है। ध्यान रहे चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 10 लाख करोड़ रुपए के करीब है। भारत अगर तेल और ऊर्जा जरुरतों के लिए खाड़ी देशों या रूस, अमेरिका पर निर्भर है तो फार्मा से लेकर फार्म सेक्टर तक और ईवी से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत तक और रोजमर्रा की जरुरत की चीजों के लिए चीन पर निर्भर है। पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा अभी तो निर्भरता कम होती भी नहीं दिख रही है।

# प्रीपेड स्मार्ट विधुत मीटर को लेकर मचा हाहाकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगवाकर नगर के विद्युत उपभोगता खुदको ठगा सा महसूस कर रहे है जबकि कहा ये भी जाता है कि विधुत उपभोक्ता के साथ जबरदस्ती नहीं की जा सकती कि वह प्रीपेड मीटर ही लगवाये। विद्युत उपभोगताओं के साथ हो रहे उनके अधिकारों का हनन यह भी है कि उनकी विद्युत



सप्लाई बन्द की जा रही है। यह वह उपभोक्ता है जिनके पास बकाया बिल भी नही और कुछ के पास बकाया बिल भी है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को कर्ज लेकर घर का अंधेरा दूर करने को मजबूर कर दिया है। ऐसे में आने वाले दिनों में बढ़ते तापमान में उनका क्या होगा जिनका बिल अभी तक जमा नही हुआ और वह इतना बिल एक साथ जमा भी नही कर सकते। हालांकि पिछले तीन माह पूर्व एक मुस्त बिलों में भारी छूट दी गई थी व किस्तों में बिल जमा करने के लिए रजिस्ट्रेशन भी किये गए थे। यूपी सरकार व विद्युत विभाग की ओर से दी गई छूट का भी बड़ी संख्या में लोग फायदा नहीं उठा पाये। अब उन्ही घरो में अंधेरा देखने को मिल रहा है। इस विषय में पीड़ित उपभोगताओं को यूपी सरकार क्या राहत देती है यह देखने वाली बात होगी।

# दुर्गावती बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

## – बाजारवासियों के रोजी–रोटी पर संकट

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती, कैमूर। जिले के दुर्गावती बाजार में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए गए बुलडोजर अभियान के बाद स्थानीय बाजारवासियों के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बुधवार को हुई इस कार्रवाई में सड़क किनारे बने कई अस्थायी दुकानों और ठेलों को हटा दिया गया, जिससे छोटे दुकानदारों की आजीविका प्रभावित हुई है। प्रशासन का कहना है



कि सड़क जाम और यातायात बाधित होने की समस्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। वहीं, प्रभावित दुकानदारों का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के की गई इस कार्रवाई से उनका व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इसी बीच समाजसेवी बाबर खान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों से मांग की। उन्होंने प्रभावित दुकानदारों की समस्याओं को रखते हुए जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की, ताकि गरीब परिवारों की आजीविका प्रभावित न हो। दुकानदारों ने बताया कि वे वर्षों से यहां दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन–पोषण कर रहे थे, लेकिन इस कार्रवाई ने उन्हें आर्थिक संकट में डाल दिया है। कई परिवारों के सामने अब खाने–पीने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित दुकानदारों के लिए जल्द ठोस कदम उठाए जाएं। वहीं, प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले पर विचार कर उचित समाधान निकाला जाएगा।

# एनपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

## -एक राष्ट्र, एक पेंशन की हो व्यवस्था

संवाददाता गोरखपुर,। एनपीएस दिवस के अवसर पर कर्मचारियों ने काला दिवस के रूप में विरोध दर्ज कराया और एनपीएस गो बैक तथा पुरानी पेंशन बहाल हो के नारे लगाए। अपरान्ह डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन, लोक निर्माण विभाग, में आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव तथा संचालन महामंत्री मुरारी शुक्ल ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि 1 अप्रैल का दिन कर्मचारी इतिहास में काला दिवस के रूप में याद किया जाता है, क्योंकि वर्ष 2005 में कर्मचारियों से पेंशन का अधिकार छीन लिया गया और जबरन एनपीएस (जिसे कर्मचारी नो पेंशन स्कीम कहते हैं) लागू कर दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार या तो पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करे, अन्यथा माननीय जनप्रतिनिधियों और न्यायपालिका को मिलने वाली पेंशन भी बंद कर उन्हें एनपीएस के दायरे में लाया जाए, ताकि वे इसकी वास्तविकता समझ सकें। अन्यथा सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने कहा कि सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक संविधान के आदर्शों पर चलने का दावा करती है, तो अब समय है कि वन नेशन, वन पेंशन की व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस के भ्रम में न रखा जाए, क्योंकि कर्मचारी समाज भली–भांति जानता है कि केवल पुरानी पेंशन ही उसके बुढ़ापे की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों की पेंशन शपथ लेते ही सुरक्षित हो जाती है, जबकि कर्मचारी पूरी सेवा देने के बाद भी असुरक्षित रहता है। इस विरोध प्रदर्शन को पंडित श्याम नारायण शुक्ल, अशोक पांडेय सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रूपेश कुमार श्रीवास्तव, ई. श्रीनाथ गोविंद, मदन मुरारी शुक्ल, अशोक पांडेय, पंडित श्याम नारायण शुक्ल, अनिल द्विवेदी, अनूप कुमार, राजेश मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, बंटी श्रीवास्तव, इजहार अली महंगु प्रसाद मौर्य, निसार अहमद, बिट्टू मद्धेशिया सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# असिस्टेंट कमिश्नर बनकर आशीष ने जिले का नाम किया रोशन

## - दर्जनों वाहनों के काफिले व प्रबुद्धजनों सहित हजारों लोगों ने किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। जनपद के शुकुल बाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे शुक्लन के होनहार पुत्र आशीष शुक्ला ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम और लगन के बल पर एक ऐसी सफलता अर्जित की है, जिसने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले आशीष ने नौकरी के साथ–साथ अपनी पढ़ाई को जारी रखा, जो उनके .ढ़ निश्चय और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ड्यूटी की व्यस्तता के बीच समय निकालकर उन्होंने यूपीएससी जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा की तैयारी की। उनकी यह तपस्या रंग लाई और उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर (जीएसटी) जैसे प्रतिष्ठित पद पर सफलता प्राप्त की। शुकुलबाजार के पूरे शुक्लन गांव अपने गृह आगमन पर



यूपीएससी चयनित आशीष का दर्जनों फोर व्हीलर वाहन और सैकड़ों बाइक व हजारों शुभचिंतकों ने जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। वहीं आशीष शुक्ला के बड़े भैय्या अरुन शुक्ला ने भावुक होकर परिवार की मेहनत और समर्पण से अवगत कराया। आगमन पर सबसे पहले प्राचीन धाम हनुमान मंदिर महावीरन धाम पहुंचकर दर्शन करते हुए पूजा अर्चना किया और घर पहुंच कर सभी बड़े बुजुर्गो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कल्लू कोटेदार, शुभम शुक्ला, बब्बन द्विवेदी, पत्रकार दीपक पाठक, अभिषेक शुक्ला, त्रिभुवन यादव, राजकुमार शुक्ला, अजय शर्मा, सुशील मिश्रा, सतगुरु शुक्ला सहित क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बसरेहर पुलिस को मिली कामयाबी, आठ जुंआड़ी गिरफ्तार

## - 34 हजार नकद, मोटरसाइकिल, मोबाइल व ताश के पत्ते बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध






एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना बसरेहर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे आठ जुंआड़ियों को गिरतार किया है। पुलिस ने मौके से कुल 34,000 रुपये नकद (फड़ से 28,860 रुपये व जामातलाशी में 5,140 रुपये), 4 लावारिस मोटरसाइकिलें, 6 मोबाइल फोन तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा गांव मोहब्बतपुर में सार्वजनिक स्थान पर संचालित जुए के अड्डे पर छापेमारी कर की गई। पुलिस ने मौके से सभी आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत अभियोग पंजी.त किया है। गिरतार अभियुक्तों में आशीष शर्मा पुत्र मनोज कुमार निवासी बसरेहर, अनूप कुमार पुत्र सुघर सिंह निवासी मोहब्बतपुर, अंशुल उर्फ जगीरा पुत्र रामलखन निवासी मोहब्बतपुर, राहुल उर्फ बन्टी राजपूत पुत्र श्याम सुन्दर निवासी नगला बाबा, प्रहलाद पुत्र रामचन्द्र राजपूत निवासी नगला बाबा, युनूस पुत्र इशाक निवासी अकबरपुर, अभिषेक पुत्र शिव कुमार गुप्ता निवासी अकबरपुर तथा राहुल कुमार पुत्र पंछीलाल निवासी अकबरपुर शामिल हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बसरेहर सौरभ सिंह, उपनिरीक्षक महेश कुमार, हेड कांस्टेबल बब्लू अली, कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल अवनीश कुमार, कांस्टेबल रिंकू, कांस्टेबल ओमवीर सिंह एवं चालक कांस्टेबल अरविंद कुमार शामिल रहे।

# नामित सभासदों का शपथ समारोह आयोजित

## - शपथ कार्यक्रम में विधायक, जिलाध्यक्ष व चेयरमैन हुए शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। आदर्श नगर पंचायत नानौता में यूपी सरकार द्वारा नामित किये गए सभासदों का शपथ समारोह कार्यक्रम नगर पंचायत अधिकारी कमलाकांत राजवंशी द्वारा धूमधाम तरीके से आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार की ओर से नगर पंचायत नानौता में तीन सभासद नामित किये गए प्रेमपाल शर्मा पुत्र ब्रजपाल, नक्कल सैनी पुत्र गंगाराम सैनी, अंकुर जैन पुत्र अजय कुमार जैन नामित सभासदों को चेयरमैन रूमाना अफजाल खान द्वारा शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक किरत सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा उपस्थित रहे। नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल विजय पाल सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक किरत सिंह एंव भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने भाजपा सरकार की जमकर प्रशंसा की और आने वाले समय में फिर से यूपी में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया। विधायक किरत सिंह ने नगर पंचायत में कराये गए विकास कार्यो की सरहाना की और आगे भी अपना सहयोग बिना किसी भेदभाव के कराने का वायदा किया और सभी सभासदों से आपसी मनमुटाव भेदभाव भुलाकर नगर के हितों के लिए मिलजुलकर एक दूसरे का सम्मान करते हुए काम करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल विजय पाल सिंह चौहान ने कार्यक्रम में शामिल हुए मौजूद सभी महमानों का आभार जताया। कार्यक्रम में चीनी मिल चेयरमैन रविन्द्र पुंडीर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनोज राणा, चौधरी सत्यपाल सिंह, खेमचन्द कश्यप, रोबिन जैन, नसीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



# हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण रैली को किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कलेक्ट्रेट परिसर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बदलते मौसम के साथ मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे संचारी रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जनसामान्य को साफ–सफाई बनाए रखने, जलभराव से बचने और नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता और स्कूली छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। हाथों में जागरूकता संदेश लिखे बैनर और पोस्टर लेकर प्रतिभागियों ने शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया। अधिकारियों ने अपील की कि संचारी रोगों से बचाव के लिए घरों और आसपास




साफ–सफाई रखें, पानी जमा न होने दें तथा मच्छरों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जनहित में लगातार अभियान चला रहे हैं, जिसमें आमजन का सहयोग बेहद जरूरी है। यह अभियान आगामी दिनों में भी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# प्लाईवुड फैक्ट्री में बवाल, पूर्व सांसद को दी जान से मारने की धमकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। चांदपुर रोड स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में प्रशासनिक जांच के दौरान अचानक विवाद भड़क गया। मौके पर पहुंचे पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह और फैक्ट्री संचालकों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला टकराव में बदल गया।



फैक्ट्री को पहले ही प्रशासन द्वारा सील किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद अंदर मशीनों के संचालन की शिकायत मिलने पर अधिकारी जांच के लिए पहुंचे थे। इसी बीच पूर्व सांसद भी मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि फैक्ट्री से जुड़े तालिब बंधुओं ने पूर्व सांसद के साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि सुरक्षा कर्मी के हथियार को छीनने का प्रयास भी किया गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। स्थिति बिगड़ती देख पूर्व सांसद वहां से निकलने लगे, लेकिन आरोपियों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खालिद, तालिब और आबिद के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। वहीं आरोपियों की ओर से भी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए उन पर हमले और पांच करोड़ रुपये की मांग का आरोप लगाया गया है। प्रशासन पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रहा है और फैक्ट्री से जुड़े मामलों की भी पड़ताल जारी है।

# स्कूल चलो अभियान में प्रशासन सख्त, शत-प्रतिशत नामांकन के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। इंदिरा बाल भवन में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी वर्गों के बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया



कि वे क्षेत्र में घर–घर संपर्क कर प्रत्येक पात्र बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाकर नामांकन प्रक्रिया को तेज किया जाए। कार्यक्रम के दौरान बालकों के अभिभावकों को भी जागरूक किया गया और उन्हें बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है, इसलिए सभी की सहभागिता बेहद आवश्यक है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षामित्र, विभागीय कर्मचारी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हर बच्चा स्कूल जाए का संकल्प लिया और अभियान को सफल बनाने का भरोसा जताया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अभियान के अंतर्गत लगातार निगरानी की जाएगी और शत–प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त किया जाएगा।

# शराबियों के जमावड़े से परेशान महिलाओं ने किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। गांव जटपुरा बौंडा में आबादी के नजदीक स्थित शराब की दुकान को लेकर ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार को बड़ी संख्या में महिलाएं दुकान के बाहर एकत्रित हुईं और जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गईं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए शराब की दुकान को गांव से दूर स्थानांतरित करने की मांग की।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि दुकान के आसपास दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है और परिवारों में भी तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रदर्शन में शामिल पुष्पा देवी, कमलेश, मुन्नी देवी, शोभा, संतोष, कुसुम और मिथिलेश समेत कई महिलाओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने धरना समाप्त कर दिया, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# अवैध परिवहन का केंद्र बना दादो यमुना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में जमकर जारी अंतर जनपदीय अवैध परिवहन शाम होते ही दादो यमुना पुल से सैकड़ो मोरंग लदे



ओवरलोड ट्रक डंपर ट्रैक्टर करते परिवहन बांदा जिले से निकलकर किशनपुर खागा मार्ग पर मचाते तांडव स्थानीय पुलिस की बेहद सख्ती के बाद भी जमकर जारी ओवरलोडिंग अवैध परिवहन शाम 7 से लेकर सुबह 10 तक जमकर जारी होता अवैध परिवहन अधिकतर बिना खनन प्रपत्र कंडम बिना फिटनेस अवैध वाहनों की धमा चौकड़ी नंबर प्लेटों पर कालिख पोत अथवा बिना नंबर प्लेट के जारी परिवहन खनन विभाग की सख्ती, परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग पूरी तरह मौन किशनपुर थाना परिसर के चंद कदम दूरी से जमकर जारी ओवरलोडिंग अवैध परिवहन।

# नानपारा के कहारन टोला में अवैध निर्माण से रास्ता बाधित

## - मोहल्लावासियों ने एसडीएम से की सख्त कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। कस्बा नानपारा के मोहल्ला कहारन टोला में आम जनमानस के रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मोहल्ला निवासियों ने एसडीएम नानपारा को प्रार्थना पत्र सौंपकर अवैध कब्जा हटवाने और दोषियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि रमजान पुत्र भगोले, सन्नो पत्नी शफीक, छोटानी पत्नी असगर अली तथा इसरार पुत्र हबीब द्वारा मार्ग पर अवैध निर्माण कर रास्ते को बाधित कर रखा गया है। इससे न केवल दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि मार्ग से गुजरने वाले लोगों के साथ आए दिन मारपीट की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। महिलाओं और बच्चों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने प्रशासन से सलीम, इमरान, आसमा सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई



मोहल्लावासियों का कहना है कि उक्त मार्ग सार्वजनिक उपयोग का है और लंबे समय से लोग इसी रास्ते से आवागमन करते आ रहे हैं। अवैध निर्माण के कारण बुजुर्गों, निष्पक्ष जांच कर तत्काल रास्ता खाली कराने की अपील की है। प्रार्थना पत्र पर मोहल्ला कहारन टोला के अब्दुल कादिर खान, हलीम खान, असलम, मुन्ना, नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक मामले की जांच कर अवैध निर्माण हटवाकर आम जनता को राहत दिलाता है।

# तलाकशुदा पत्नी से ससुराल पहुंचा पति ने की मारपीट

## - मोटरसाइकिल में बांधकर घसीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर मटेही में मंगलवार शाम करीब 6 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब तलाक देने के बावजूद एक युवक अपनी अलग रह रही पत्नी के ससुराल पहुंच गया और उसके साथ अभद्रता व मारपीट करने लगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रईस पुत्र रफीक 22 वर्ष निवासी ग्राम मुसल्लमपुर, थाना रामगांव अपनी पूर्व पत्नी रेशमा पुत्री स्वर्गीय बकरीद, निवासी लक्ष्मणपुर मटेही थाना कोतवाली नानपारा के घर पहुंचा। आरोप है कि रईस ने रेशमा के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की और जबरन पकड़कर अपनी विक्की मोटरसाइकिल से घसीटते हुए ले जाने का प्रयास किया। घटना को देख मौके पर मौजूद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने तत्काल विरोध जताते हुए रईस को रोक लिया और उसे पकड़कर मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी गुरघुटटा के प्रभारी सुरपति त्रिपाठी एवं कांस्टेबल शशांक गौड़ तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा भिजवाया, जहां रेशमा का इलाज जारी है। वहीं आरोपी रईस की हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। रेशमा की माता की तहरीर पर थाना कोतवाली नानपारा में मुकदमा अपराध संख्या 91/2026 अंतर्गत धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस में रईस के विरुद्ध मुकदमा पंजी.त किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ विदाई समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड ईसानगर अंतर्गत बीबीएलसी इंटर कालेज खमारिया में खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलआनंद की अध्यक्षता में शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह भावभीनी माहौल के साथ सम्पन्न हुआ। सविलियन विद्यालय मिडनिया के प्रधान अध्यापक लालजी वर्मा जो इसी वर्ष रिटायर हुए हैं इनके आलवा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय अध्यक्ष संतोष मौर्य सुनील



वर्मा महामंत्री ध्यानेन्द्र कुमार संगठन मंत्री के स्थानांतरण होने पर विकास खण्ड के समस्त शिक्षकों ने उन्हें भीगी आँखों से विदाई दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिर्वत नहीं होता है। जीवन की अंतिम सांस तक शिक्षक समाज शिक्षित करता रहता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश कुमार विश्वकर्मा शाल और स्मृति चिन्ह पेश किया। इस अवसर पर संतवीर सोम वरिष्ठ शिक्षक नेता प्रदीप वर्मा विनय वर्मा रवि विश्वकर्मा अरुण कुमार राजपूत के आलवा सैकड़ों शिक्षक और विकास खण्ड सम्मनित लोगों ने भाग लिया।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने अंधापन जागरूकता पर की गोष्ठी



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा अंधापन जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना ने बताया कि वैसे तो शरीर के सभी अंग महत्वपूर्ण हैं पर नेत्र उनमें से सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है आंखों की रोशनी अच्छी बनी रहे इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम अपने पोषक तत्वों का ध्यान रखें। खान पान में सलाद हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। समय–समय पर डॉक्टर को दिखाकर अपना आई चेकअप करवाएं जिस प्रकार से प्रदूषण फैल रहा है वह हमारी आंखों के लिए बहुत ही नुकसानदायक है। इसके लिए हमें चाहिए कि हम धूप में निकलते समय धूप का चश्मा लगाएं टीवी दूर से देखें और मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करें। सबसे ज्यादा जरूरी है अपने घर में रह रहे बच्चों को मोबाइल की आदत से बचाएं। उन्हें अपने लाभ के लिए मोबाइल की आदत न लगने दें। आंखें स्वच्छ पानी से धोएं। नेत्र भगवान द्वारा दिया गया वह वरदान है जिसके पास होता है वही समझ सकता है। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर क्षमा दीक्षित अध्यक्ष विमल शर्मा डीओए हेनु वर्मा डीओएफ रीना राठौर, मीनाक्षी सक्सेना, उर्वशी दीक्षित, रीना रायजादा, नीलिमा श्रीवास्तव, इन्दिरा तिवारी, कल्पना वशिष्ठ, गुरु प्रेम प्यारी शारदा दीक्षित, उषा भदौरिया, संध्या अग्रवाल, अलका अग्रवाल, प्रज्ञा दोषी आदि उपस्थित रही।

# रूपईडीहा सीमा पर एसी तस्कर गिरफ्तार, दो एसी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा एसएसबी ने भारत नेपाल सीमा पर तस्करी कर रहे एक तस्कर को दो ऐसी के साथ गिरतार किया है। जानकारी के अनुसार 42 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं उत्तर प्रदेश फॉरेस्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में उक्त व्यक्ति को गिरतार किया गया है। उसके कब्जे से दो एयर कंडीशनर (एसी) सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार ड्यूटी पर तैनात नाका पार्टी को दो व्यक्ति साइकिल से संदिग्ध अवस्था में नेपाल की ओर जाते दिखाई दिए। जवानों द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर दोनों ने अपने साथ लाया गया सामान फेंक दिया और भागने का प्रयास किया। एसएसबी के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए एक व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान निवरू पुत्र मुन्नू (43 वर्ष), निवासी ग्राम रंजीत बोझा, तहसील नानपारा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से दो साइकिल और दो एलजी ड्यूल इन्वर्टर स्प्लिट एयर कंडीशनर बरामद किए गए। बरामद एसी के मॉडल और सीरियल नंबर भी दर्ज कर लिए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अवैध रूप से सामान नेपाल ले जाकर बेचने के फिराक में था।वह सामान से संबंधित कोई वैध बिल भी प्रस्तुत नहीं कर सका। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरतार आरोपी एवं जब्त सामान को अग्रिम कार्रवाई हेतु कस्टम कार्यालय नानपारा को सौंप दिया गया है। एसएसबी द्वारा फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

## - अच्छी शिक्षा और संस्कार देने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्राथमिक पाठशाला चौखर कुआं में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शरद बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रधानाचार्य नुसरत खान ने पुष्प भेंट कर अतिथि का स्वागत किया, वहीं अभिभावकों ने भी माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक रंगारंग सांस्‍तिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शरद बाजपेयी ने कहा कि परीक्षा परिणाम का दिन बच्चों के परिश्रम का प्रतीक होता है, जिसका इंतजार विद्यार्थी और अभिभावक दोनों को रहता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ खेल, मनोरंजन और अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ाएं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों को भी प्राइवेट स्कूलों के स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है, जिसमें शिक्षकों और प्रधानाचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जाए जिससे वे भविष्य में आईएएस, पीसीएस, आईपीएस जैसे उच्च पदों पर पहुंचकर देश का नाम रोशन करें और अच्छे नागरिक व नेतृत्वकर्ता बनें। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नुसरत खान, अंजना सक्सेना, बीएलओ डिम्पी शंखवार, गीता तिवारी, सुनील कुमारी, नीलम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।




# झूठी लूट की साजिश का खुलासा, जेवरात बरामद

## – पति को गुमराह करने के लिए रचा गया था पूरा षड्यंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में लूट की झूठी सूचना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने साजिश में शामिल लोगों से सभी जेवरात सकुशल बरामद कर लिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 02 अप्रैल को दोपहर करीब 1.46 बजे डायल 112 पर विशाल नामक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उसकी बहन डौली अपने पति राजा के साथ भिण्ड जा रही थी। इसी दौरान लाइन सफारी रोड स्थित केदारेश्वर मंदिर के पास अज्ञात बाइक सवारों ने उसके जेवरात लूट लिए। सूचना मिलते ही एसओजीध्सर्विलांस टीम एवं थाना सिविल लाइन्स पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ, जिस पर पुलिस ने गहनता से जांच की। पूछताछ के दौरान सच्चाई सामने आई कि डौली ने अपने पिता दिलीप और भाई विशाल के साथ मिलकर पति को गुमराह करने के उद्देश्य से लूट की झूठी कहानी रची थी, ताकि ससुराल पक्ष से मिले जेवरात को हड़पा जा सके। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से घटना का नाटक रचते हुए पुलिस को गलत सूचना दी थी। डौली ने जेवरात से भरा बैग अपने पिता को दे दिया था और लूट की झूठी सूचना फैलाई गई। पुलिस ने डौली के मायके से एक हैंडबैग में रखे मंगलसूत्र, चार सोने के कंगन, एक सोने की अंगूठी एवं चांदी की करधनी सहित सभी जेवरात बरामद कर लिए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि जेवरात छिपाने के लिए आसपास के लोगों को दे दिए गए थे। इस प्रकरण में थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज में स्टेपलर तकनीक से हुआ पाइल्स का सफल ऑपरेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लंबे समय से



पाइल्स की बीमारी से पीड़ित 40 वर्षीय मरीज गोपीनाथ का अत्याधुनिक स्टेपलर तकनीक के माध्यम से डॉ. राहुल अग्रवाल की टीम द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. राहुल अग्रवाल और डॉ. सैयद ने बताया कि मरीज ग्रेड 4 पाइल्स से ग्रसित था, जिसके लिए इस आधुनिक स्टेपलर विधि को अपनाया गया। इस तकनीक में शरीर के बाहर कोई भी चीरा या टांका नहीं लगता है। साथ ही, इस प्रक्रिया के बाद मरीज को रिकवरी में बहुत कम समय लगता है और उसे उसी दिन अस्पताल से छुट्टी भी मिल जाती है। इस सफल ऑपरेशन में डॉ. राहुल अग्रवाल के साथ डॉ. अमित, डॉ. बृजेश, डॉ. दिवाकर, डॉ शिवम् मदेशिया शामिल थे। एनीस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. आशीष एवं डॉ. हिले ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। आपरेशन के बाद मरीज में काफी सुधार हो रहा है। प्रधानाचार्य डा0 प्रो0 संजय खत्री द्वारा इस आपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में मेडिकल कालेज में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करके मरीज को बेहतर से बेहतर चिकित्साये सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये।

# अश्परेशन कन्विक्शन में पुलिस की बड़ी सफलता

## - 06 मामलों में अभियुक्तों को सजा, अदालत ने सुनाए कठोर दंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत विभिन्न मामलों में आज 06 अभियोगों में अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। न्यायालय द्वारा अलग–अलग मामलों में दोष सिद्ध होने पर कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई। थाना बसरेहर के मु0अ0सं0 49/2023, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में न्यायालय एडीजे–7/एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने अभियुक्त बॉवी उर्फ मलिखान सिंह यादव निवासी बिलावा, थाना अजीतमल, जनपद औरैया तथा श्याम सिंह निवासी नौवस्ता, कानपुर नगर को 10–10 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक–एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया। थाना बकेवर के मु0अ0सं0 110/2017, धारा 452/307 भादवि में न्यायालय एडीजे–1 कोर्ट ने अभियुक्त राहुल कुमार निवासी थाना बकेवर को 05 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। थाना इकदिल के मु0अ0सं0 401/2021, धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में न्यायालय एडीजे–10/स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट ने अभियुक्त रघुनन्दन उर्फ रघु निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी को 04 वर्ष के कारावास एवं 5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। थाना बढ़पुरा के मु0अ0सं0 38/2023, धारा 323/504 भादवि में न्यायालय जेएम–02 ने अभियुक्त भागीरथ निवासी असवा पश्चिमी कठार को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। थाना इकदिल के मु0अ0सं0 306/2017, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में न्यायालय एसीजेएम–5 कोर्ट ने अभियुक्त




रामवीर सिंह निवासी नगला पडुआ को 01 वर्ष के कारावास एवं 1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इसी क्रम में थाना इकदिल के मु0अ0सं0 307/2017, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में न्यायालय एसीजेएम–5 कोर्ट ने अभियुक्त उदयवीर निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी को 01 वर्ष के कारावास एवं 1 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से अपराधियों में भय एवं आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

# प्रधानों ने तहसीलदार से की कार्रवाई की मांग, उठाए गंभीर मुद्दे

न्यूज वाणी ब्यूरो /नजीबाबाद, बिजनौर। विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने स्थानीय समस्याओं को लेकर प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल तहसील कार्यालय पहुंचा और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दो गंभीर मामलों में कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ग्राम प्रधान राहुल हुड्डा कर रहे थे, जिनके साथ धीर सिंह, सतविंदर सिंह पोप, सुखबीर सिंह, अनुज कुमार, रविंद्र सेहरावत, राजवीर सिंह, अर्जुन कुमार और अवधेश कुमार समेत कई प्रधान मौजूद रहे। प्रधानों ने आरोप लगाया कि गांव नंगला उब्भन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति के दौरान फर्जी आय प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने इस प्रमाणपत्र की निष्पक्ष जांच कर उसे निरस्त करने और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा ग्राम गुनियापुर में सरकारी भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस और पॉपुलर के दर्जनों पेड़ों के अवैध कटान का मामला भी उठाया गया। प्रधानों ने कहा कि इस प्रकरण में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए। तहसीलदार संतोष कुमार यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि दोनों मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मूकबधिर बालक के परिजनों की तलाश

## – निर्धारित समय में संपर्क न होने पर दत्तक प्रक्रिया होगी शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाल देखरेख संस्थान लाडवा, जनपद कुरुक्षेत्र, हरियाणा में एक मूकबधिर बालक निवासित है। विज्ञप्ति के माध्यम से आमजन को अवगत कराया गया है कि यदि उक्त बालक के जैविक माता–पिता या कोई सगा संबंधी हो, तो वे तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर संपर्क करें। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई भी अभिभावक या संबंधी सामने नहीं आने की स्थिति में संबंधित बालक को नियमानुसार दत्तक ग्रहण अथवा फॉस्टर केयर के लिए स्वतंत्र घोषित करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## अदालती नोटिस

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर
मूलवाद संख्या– 22
सन् 2021 ई०
नफीस अहमद बनाम प्रयाग नारायन गुप्ता आदि

नफीस अहमद आयु लगभग 47 वर्ष पुत्र श्री शब्बीर अहमद निवासी मोहल्ला सानीगढ़वा कछेवरा, कस्बा व पोस्ट व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।
........वादी
....बनाम...........

1/1. श्रीमती सुधा गुप्ता पत्नी विष्णु गुप्ता जी पुत्री स्व0 प्रयागनारायन निवासिनी मोहल्ला चौपाटी कटनी म0प्र हाल मुकाम मुहल्ला गुड़ाही मण्डी कस्बा व पोस्ट व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

1/2. श्रीमती ममता गुप्ता पत्नी मनमोहन गुप्ता जी पुत्री स्व0 प्रयागनारायन निवासिनी मोहल्ला सत्यनगर रायबरेली उ0प्र0 हालमुकाम गुड़ाही मण्डी कस्बा व पोस्ट व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

1/3. श्रीमती कल्पना गुप्ता पत्नी धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्री स्व0 प्रयागनारायन गुप्ता निवासिनी चौक शहर व जिला फतेहपुर हालमुकाम गुड़ाही मण्डी कस्बा व पोस्ट व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

1/4. श्रीमती पिंकी गुप्ता पत्नी मनीश गुप्ता पुत्री स्व0 प्रयागनारायन निवासिनी ज्ञ ठसवबा किदवईनगर कानपुर नगर। हालमुकाम गुड़ाही मण्डी कस्बा व पोस्ट व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

1/5. श्रीमती सारिका गुप्ता पत्नी दीपू गुप्ता पुत्री स्व0 प्रयागनारायन निवासिनी मोहल्ला बसन्त बिहार कानुपर नगर। हालमुकाम गुड़ाही मण्डी कस्बा व पोस्ट व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

1/6. श्रीमती सोमवती उम्र लगभग 78 वर्ष पत्नी स्व0 प्रयागनारायन निवासिनी पुरानी गुड़ाही मण्डी कस्बा व परगना कोड़ा जहानाबाद तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।
...........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 16 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम
ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकाली

## - सीएमओ ने फीता काटकर किया अभियान का उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मेडिकल केयर यूनिट कोतवाली चौराहा से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीके सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। रैली पचराहा से प्रारंभ होकर राजागंज चौराहा, नगर पालिका चौराहा, कहारनपुर तिकोनिया होते हुए पुनः मेडिकल केयर यूनिट पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजन को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में नगरीय क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षित छात्राएं, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में चिकित्सक सत्येंद्र यादव (नोडल अधिकारी), चिकित्सक कुणाल सिंह (विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), जिला मलेरिया अधिकारी एस. एन. सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आशीष राणा, श्याम वीर सिंह यादव (मलेरिया निरीक्षक), गोपाल गुप्ता (मलेरिया निरीक्षक), नवीन सक्सेना (मलेरिया निरीक्षक), नेहा यादव (मलेरिया निरीक्षक), पूनम (मलेरिया निरीक्षक), नीतू कश्यप (लिपिक) सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहयोग करते हुए





रैली में भाग लिया। अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव तथा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बलरई क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन को सुरक्षा के प्रति सजग बनाया जा सके।

# मां सरस्वती पूजन के साथ नए शिक्षा सत्र की शुरुआत

## - आदर्श स्कूल इकदिल में उत्साहपूर्वक मनाया शुभारम्भ समारोह




न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय, मोहल्ला कायस्थान इकदिल में माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारम्भ बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन से की गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राओं ने भी विधि–विधान से माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना कर ज्ञान और सफलता की कामना की। विद्यालय परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में प्रबंधक राम अवतार तिवारी, उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आंचल गुप्ता, प्रियंका यादव, नीतू, सृष्टि तिवारी, विकास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों के लिए सामूहिक विवाह 27 को

## - आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, आवश्यक दस्तावेजों के साथ करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजी.त श्रमिकों की पुत्रियों के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत ऐसे पंजी.त श्रमिक, जिनकी पुत्री की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक लाभार्थी 10 अप्रैल तक सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, इटावा में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों सहित जमा करें, जिससे उनकी पुत्री को इस योजना में सम्मिलित किया जा सके। यह सामूहिक विवाह समारोह 27 अप्रैल को आईटीआई ग्राउंड पांडुनगर कानपुर में आयोजित किया जाएगा। आवेदन के साथ श्रमिक का पंजीयन कार्ड, श्रमिक, वर एवं वधू के आधार कार्ड की छायाप्रति, वर–वधू का आयु प्रमाण पत्र (वधू 18 वर्ष एवं वर 21 वर्ष), श्रमिक की बैंक पासबुक तथा वर्ष में 90 दिन कार्य करने का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

# ग्राम न्यायालयों में सफाई कर्मी पदों पर भर्ती का अवसर

## - 15 अप्रैल तक आवेदन, 20 अप्रैल को होगा साक्षात्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद न्यायालय के अंतर्गत ग्राम न्यायालय सैफई एवं चकरनगर में संविदात्मक अंशकालिक सफाई कर्मी के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

यह जानकारी अध्यक्ष समिति एवं अपर जनपद न्यायाधीश न्यायालय संख्या–01 इटावा, अखिलेश कुमार द्वारा दी गई। बताया गया कि निर्धारित वेतन 8,840 रुपये प्रतिमाह पर नियुक्ति की जाएगी। यह भर्ती शासनादेशों में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थी का कक्षा 8 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही आयु 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष निर्धारित की गई है। उत्तर प्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार आरक्षित वर्गों को आयु सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र सादे कागज पर तैयार कर दिनांक 15 अप्रैल 2026 तक कार्यालय नजारत, जनपद न्यायालय इटावा में प्रातः 10रू00 बजे से सायं 05रू00 बजे के बीच कार्य दिवसों में जमा कर सकते हैं। सभी अभ्यर्थियों को 20 अप्रैल 2026 को सायं 05 बजे जनपद न्यायालय के सभागार में अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## नीलामी सूचना

नोटिस नीलामी जनपद न्यायालय, फतेहपुर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026–27 (नीलामी के दिनांक 09.04.2026 से 31.03.2027) के लिए खान पान (कैण्टीन), साइकिल स्टैण्ड, तम्बाकू रहित पान की दूकान के ठेका की नीलामी उपरोक्त अवधि हेतु दीवानी न्यायालय परिसर में दिनांक 09.04.2026 को दिन में 02.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य (वित्तीय) नीलामी समिति के अध्यक्ष व सदस्य गण की उपस्थिति में जनपद न्यायालय फतेहपुर के परिसर में की जायेगी जो लोग बोली में भाग लेना चाहे निर्धारित शर्तो की जानकारी हेतु निर्धारित समय के एक दिन पूर्व तक नजारत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

1–नीलामी के समय बोली बोलने वाले को बोली बोलने से पूर्व काशन मनी के रूप में वित्तीय समिति द्वारा निर्धारित धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा बोली स्वीकार होने के पश्चात बोली का 25 प्रतिशत जमानत की धनराशि के रूप में नगद जमा किया जायेगा।

2–प्रत्येक त्रैमासिक अन्तराल पर अर्थात अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के प्रथम सप्ताह में त्रैमासिक किश्त के रूप में जमा की जायेगी।

3–यह कि जिस व्यक्ति की नीलामी स्वीकृत होगी उसे सभी शर्तो के अनुरूप अनुबन्ध प्रपत्र व व्यक्तिगत बंधपत्र देने होगें जो जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर व ठेकेदार के मध्य होगें।

4–यह कि साइकिल स्टैण्ड के लिए स्थान निर्धारित है, इस हेतु मान्नीय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर द्वारा अनुमति प्रदान की जायेगी।

5–यह कि जनपद न्यायाधीश,फतेहपुर बिना कारण बताये अधिक बोली को स्वीकार न करने के अधिकारी होगें।

अध्यक्ष,
वित्तीय समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद न्यायालय, फतेहपुर।

## सम्बन्ध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नाजिम खान पुत्र हाशिम खान निवासी गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर उ0प्र0 हालमुक़ाम मोहल्ला आबुनगर, शहर फतेहपुर यह घोषणा करता हूँ कि मेरा अपने पारिवारिक जनों, भाई बहन एवं ससुराल पक्ष जैसे साला, साली से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। मैं यह भी घोषित करता हूँ कि अब मेरा उनसे किसी प्रकार का लेना.देना नहीं है तथा उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य लेन.देन विवाद अथवा .त्य के लिए मैं किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं रहूँगा। यदि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा भविष्य में कोई भी कार्य/लेन.देन किया जाता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।

नाजिम खान पुत्र हाशिम खान निवासी गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर उ0प्र0

# हिंदू नववर्ष पर एसपी से शिष्टाचार भेंट कर दी बधाई

## - जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर की सकारात्मक चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय



सनातन राष्ट्र धर्म परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शुभम रस्तोगी, प्रदेश मीडिया प्रभारी हैप्पी गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव, युवा जिला मीडिया प्रभारी गौरव मिश्रा व संगठन के समस्त पदाधिकारियों की ओर से चैत्र मास के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक से शिष्टाचार भेंट की। पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल की कामना की। भेंट के दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समरसता, शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। साथ ही, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी की गई। पुलिस अधीक्षक ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास और सुरक्षा में ऐसे संगठनों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य आपसी समन्वय को मजबूत करना और समाज में भाईचारा, सौहार्द एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना था। कार्यक्रम का समापन आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर समाज हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई न किए जाने का आरोप

## - पीड़ित का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जिला अस्पताल में उपचार करा रहे एक घायल ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ लोगों ने उसकी दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की। थाने में तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मलवां थाना क्षेत्र के बरौरा गांव निवासी पवन कुमार पुत्र इन्द्रपाल सिंह ने बताया कि उसकी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान बरौरा चौराहे पर है। 29 मार्च को वह अपने कारीगर के साथ दुकान पर था। तभी आलोक पुत्र राजकुमार षाम करीब पांच बजे दुकान आया और छोटी मोटी बातों को लेकर गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने भाई गौरव, हिमांशु पुत्र भोला सिंह निवासीगण चंदैनी थाना मलवां को लेकर दुकान आ गया और सभी ने दुकान में घुसकर लात–घूसों व बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इतना ही नहीं साथी सज्जन कुमार को भी मारापीटा। पिटाई के दौरान उसकी गोल्लक में रखे उन्चास हजार रूपए भी ले गए। दुकान में तोड़फोड़ से लैपटाप सहित अन्य सामान टूट गया। उसने मलवां थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। उसने पुलिस प्रशासन से संबंधित अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।






# भाजपा के नवनियुक्त नगर महामंत्री का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी दक्षिणी नगर कार्यालय राधानगर में गुरूवार को करते हुए माला एवं पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह फौजी



नवनियुक्त महामंत्री चन्दन सिंह चौहान का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पूर्व नगर अध्यक्ष व जिला कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश सिंह फौजी, पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश कुमार गुप्ता सोल्डी, नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता गुड्डा एवं नगर उपाध्यक्ष नागेश सिंह ने स्वागत एवं रितेश कुमार गुप्ता सोल्डी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पदाधिकारियों को मिलकर संगठन को मजबूत बनाना चाहिए। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता एवं उनकी टीम का पूरा सहयोग करना आवश्यक है। नवनियुक्त महामंत्री चन्दन सिंह चौहान ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए संगठन की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यकर्ताओं के सम्मान का विशेष ध्यान रखते हुए एक मजबूत और सक्रिय टीम का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के जसवंत गिहार, नईम अहमद, रज्जन गुप्ता, इसरार अहमद, शैलेन्द्र मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अदालती नोटिस

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर ।

वाद संख्या 44 सन् 2025

आशुतोष अवस्थी प्रति श्रीमती साधना पाण्डेय

धारा– 25 गार्जियन एंडवार्डस एक्ट 1890

जिला– फतेहपुर।

यूंकि प्रत्युत्तरदाता श्रीमती साधना पाण्डेय पुत्री महावीर प्रसाद पाण्डेय पत्नी आशुतोष अवस्थी कार्यरत पता स0 अध्यापक परिषदीय उच्च प्राथमिक विघालय कम्पोजिट शिवपुरी क्षेत्र विजयीपुर परगना एकडला तहसील खागा जिला फतेहपुर स्थायी पता कस्बा खखरेरू किराये के मकान में परगना एकडला तहसील खागा जिला फतेहपुर उ0प्र0 आपके विरूद्ध याची– आशुतोष अवस्थी पुत्र रमेंशचन्द्र अवस्थी निवासी वी0आई0पी0 कालोनी सिविल लाइन विश्व भारती स्कूल के पास जिला फतेहपुर उ0प्र0 ने याचिका संस्थित किया है, जैसा कि याचिका में वर्णित है।

एतद्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 14.05.2026 को, समय बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

एतद्द्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरूद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं होगे। एतद्द्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्मित ' किया नायेंगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश कुटुम्ब न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 31.03.2026 को पारित किया गया, जिसके अनुपालन में यह आदेशिका (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु) आपको प्रेषित की जा रही है।

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर।

# डीएम ने जिला उद्योग बंधु समिति की ली बैठक

## - निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित आवेदनों का समय से निस्तारण करने के निर्देश
## - एमओयू में नियमानुसार सहायता कर उद्योग कराएं स्थापित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल में लंबित आवेदनों की अद्यतन स्थिति की सही जानकारी न होने पर उद्यमी मित्र को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, सीएम युवा विकास योजना में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग स्थापना के लिए जो ऋण बैंक से स्वी.त हो गए है, परन्तु अभी तक वितरण नहीं हुआ है जल्द से जल्द वितरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जो आवेदन लंबित है, उनका ससमय निस्तारण कराएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित



किया कि जनपद में जो एमओयू साइन हुए है उसके सापेक्ष कितने जेबीसी के लिए रेडी हो गए है व कितने उत्पादन के तैयार है और जीएबीसी रेडी होने के बाद कितने समय तक इकाईयों में उत्पादन होने लगेगा उसकी विस्तृत रिपोर्ट से अगली बैठक में अवगत कराएं। उन्होंने जनपद में उद्योग स्थापित करने के लिए जो एमओयू किए गए है उनमें औद्योगिक संस्थानों को जो भी सहायता की आवश्यकता है संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाते हुए नियमानुसार मदद करें। मलवां रेलवे स्टेशन से रैक प्वाइंट की सड़क अत्यंत खराब है, ग्राम चौफेरवा से मिश्रामऊ तक चौड़ीकरण व डामरीकरण की मांग उद्यमियों द्वारा की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सड़क से संबंधित कार्यदाई संस्था से कहा कि कार्ययोजना में नियमानुसार कार्यवाही कर शामिल किया जाये। औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त शिकायतों व सुझावों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ नियमानुसार कार्यवाही करके अमल में लाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उप जिलाधिकारी सदर, सीएफओ, उपायुक्त उद्योग, एलडीएम, अधिशाषी अभियंता विद्युत हाईड्रिल, पीडब्ल्यूडी, सहायक श्रमायुक्त, ईओ सदर, उद्यमियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# भाकियू महात्मा टिकैत ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## - किसानों की मांगों का समाधान किए जाने की उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। नेताओं ने किसानों की सभी मांगों का शीघ्र समाधान किए जाने की आवाज उठाई। भाकियू महात्मा टिकैत के जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी की अगुवई में कलेक्ट्रेट आए और राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि रबी सीजन की फसलों, विशेषकर गेहूं व सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जाए, गेहूं क्रय केन्द्र न्याय पंचायत स्तर पर स्थापित किए जाएं जिससे किसानों को अपनी उपज बेंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो व उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो सके, आलू के गिरते दामों के कारण किसानों को उनकी लागत मूल्य तक प्राप्त नहीं हो पा रही है जिससे वे आर्थिक संकट में आ गए हैं। ऐसे में आलू उत्पादक किसानों के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। उचित मूल्य पर आलू की खरीद सुनिश्चित की जाए। भारत–अमेरिका के मध्य प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि, डेयरी एवं पोल्ट्री क्षेत्रों को शामिल न किया जाए। साथ ही अमेरिका से कृषि एवं खाद्य उत्पादों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। किसान आंदोलन के दौरान



किसानों पर दर्ज सभी मुकदमें तत्काल वापस लिए जाएं। बिचौलियों को ध्यान में रखते हुए नैफेड केन्द्र मंडी परिसर के अंदर ही स्थापित किए जाएं जिससे किसानों की उपज आसानी से क्रय केन्द्रों पर बिक सके। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित यादव, कल्लू सिंह, दुर्गेश सिंह, विजय सिंह, नागेन्द्र सिंह, मुशीर हुसैन नकवी, पं0 शिव बाबू शर्मा, राम आसरे सिंह, राजू सिंह, प्रशांत सिंह, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# आढ़त में रह रहे युवक की संदिग्ध मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर अपने ही आढ़त में संदिग्ध अवस्था में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार बिजनौर जनपद के थाना दौलताबाद निवासी स्व0 अजीज का पुत्र माजिद वर्तमान समय में थरियांव थाने के आबांपुर में रहता था और स्वयं की आढ़त में रहता था। बताते हैं कि आज सुबह वह अपनी ही आढ़त में मृत अवस्था में मिला। आस–पास के लोगों ने देखा तो इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ग्रामीणों ने बीओबी शाखा को स्थानांतरित किए जाने पर जताया विरोध

## - 45 वर्षो से ललौली ग्राम सभा में संचालित हो रही थी ब्रांच
## - बड़ी संख्या में एनआरआई व कारोबारियों के खाते हो रहे हैं संचालित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली ग्राम सभा में पिछले 45 वर्षों से संचालित



हो रही बैंक आफ बड़ौदा की शाखा को स्थानांतरित किए जाने के विरोध में ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर शाखा को स्थानांतरित न किए जाने की मांग की। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बैंक खाता धारकों ने बताया कि कस्बे में पिछले 45 वर्षों से बैंक आफ बड़ौदा की संचालित हो रही थी। जिसमें बड़ी संख्या में सऊदी, दुबई समेत खाड़ी देशों में रहने वाले एनआरआई व ग्राम सभा से जुड़े बड़े कारोबारियों व उनके परिजनों के खाते संचालित हैं। जिससे बैंक का आरोबार बेहद अच्छा है और गांव वालों को कोई समस्या भी नहीं है। इसके बावजूद बैंक शाखा को दूसरे स्थान पर ले जाने की कवायद चल रही है। जिससे खाता धारकों समेत ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि बैंक शाखा को दूसरे स्थान पर ले जाने से महिलाओं व वृद्धजनों को आने–जाने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बैंक का स्थानांतरण रद्द करने व शाखा को उसी स्थान पर संचालित रहने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि यदि बैंक को स्थानांतरित किया गया तो वह सभी अपने–अपने खातों का संचालन बंद करके दूसरे बैंक में खाता खुलवाने के लिए विवश हो जाएंगे। इस मौके पर आफताब अहमद, जहीर खां, शमीम, आदिल खान, अब्दुल कुद्दूस, मो0 तैयब खान, निसार खान, आरिफ खान भी मौजूद रहे।

# जिला सहकारी बैंक का तीन वर्षो में दोगुना से अधिक बढ़ा लाभ

## - बैंक अध्यक्ष का बुके भेंटकर किया गया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। फतेहपुर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने वित्तीय प्रबंधन और उत.ष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बैंक ने पिछले 14 वर्षों के बाद वर्ष 2023–24 में 59.60 लाख रुपये का लाभ अर्जित कर पुनः लाभ के पथ पर वापसी की थी। इसके बाद बैंक की प्रगति लगातार जारी



रही। बैंक अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह एवं संचालक मंडल के मार्गदर्शन तथा सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय कुमार के कुशल नेतृत्व में बैंक ने वर्ष 2024–25 में 104.73 लाख रुपये व वर्ष 2025–26 में 142.04 लाख रुपये का लाभ अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बैंक से संबद्ध समितियों के माध्यम से जनपद के किसानों को समय पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा समितियों को उपलब्ध कराई गई ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट लिमिट का लाभ उठाकर समिति एवं बैंक दोनों को मजबूती मिली है। ग्राहक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बैंक द्वारा केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे .षकों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है। इसके अतिरिक्त बैंक अपने ग्राहकों के लिए शीघ्र ही एटीएम सेवाएं भी प्रारंभ करने जा रहा है, जिससे बैंकिंग सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बैंक अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित का बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बैंक परिवार में हर्ष का माहौल देखा गया।

# शिक्षा की अलख जगाने सड़कों पर उतरे बच्चें-शिक्षक

## - सुकेती में गूंजे नामांकन के नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्राम पंचायत सुकेती में नए शैक्षिक सत्र के तहत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने




के उद्देश्य से प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों व छात्र–छात्राओं द्वारा एक विशाल एवं भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में दोनों विद्यालयों के अध्यापकों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान साउंड सिस्टम के माध्यम से पूरे गांव में घूम–घूमकर नामांकन संबंधी घोषणाएं की गई। अभिभावकों को अपने बच्चों का शीघ्र नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र–छात्राओं ने आकर्षक नारों एवं गीत–संगीत के जरिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। बताया गया कि विगत वर्षों में प्राथमिक विद्यालय सुकेती एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सुकेती में 250–250 से अधिक छात्र–छात्राएं अध्ययनरत रहे हैं। दोनों विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम एवं कंप्यूटर शिक्षा की भी समुचित व्यवस्था है। रैली में प्राथमिक विद्यालय सुकेती से प्रधानाध्यापिका साधना शर्मा, विवेक सिंह, कमलेंद्र सिंह, मनीष कुमार अवस्थी, रचना अग्रहरि, मंजरी सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, आरती राव, माया देवी, अशोक कुमार, शुभी, राजेंद्र सिंह लोधी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय से इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अजेता सिंह, अभिषेक कुमार, हिमांशु कुमार एवं कल्पना देवी ने सहभागिता की। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।

# हनुमान जयंती पर बार प्रत्याशियों में भंडारे की दिखी होड़

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर अलग–अलग स्थानों में कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं कलेक्ट्रेट में आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश भदोरिया, महामंत्री पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र मिश्रा कनिष्ठ उपाध्यक्ष के प्रत्याशी शाहिद अख्तर के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, महामंत्री जितेन्द्र



सिंह गौतम, पूर्व महामंत्री आशीष गौड़, योगेंद्र पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं आदर्श अधिवक्ता संगठन के दूसरे गुट के अध्यक्ष प्रत्याशी विजय कुमार सिंह व महामंत्री पद के प्रत्याशी अनुराग नारायण मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हंसराज सिंह, सुशील मिश्रा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, पंडित राम नरेश महाराज सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं सामाजिक आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आलोक शर्मा, कोषाध्यक्ष के प्रत्याशी अजीत शर्मा महामंत्री पद के प्रत्याशी कुलदीप सिंह आर्य के नेतृत्व में शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत का आनंद लिया।

# युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इटौलीपुर में गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर 41 वर्षीय युवक ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार इटौलीपुर गांव निवासी लालमन सिंह का पुत्र शंभू सिंह काफी दिनों से मानसिक तनाव में रहता था। बताते हैं कि वह घर से घूमने के बहाने निकला और गांव के करीब ही खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# लाठी-डण्डों से अधेड़ की पिटाई, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती कालोनी में बेटी से अभद्रता करने का विरोध करने पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने 59 वर्षीय अधेड़ को लाठी–डण्डों व लात–घूसों से बुरी तरह मारापीटा। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अस्ती कालोनी निवासी स्व0 रमजान का पुत्र नियाज खान की पुत्री दुकान सामान लेने गई थी। तभी कालोनी के ही गूंगा, कैफ, शादाब ने किसी बात को लेकर लड़की को देख गाली–गलौज शुरू कर दी। वापस लौटकर लड़की ने पिता को बताया। जब नियाज खान उलाहना लेकर पहुंचे तो कैफ, शादाब व गूंगा ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर लाठी–डण्डों से बुरी तरह मारापीटा। जिससे अंदरूनी चोट लगने के कारण अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# खलासी को ट्रक ने रौंदा, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एनएच–2 स्थित हरियाणा ढाबे के समीप पेड़ के नीचे आराम कर रहे 23 वर्षीय खलासी को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के थाना असोहा गांव बिजिनखेड़ा निवासी सुरेश पाल का पुत्र सचिन पाल ट्रक में खलासी था। बताते हैं कि अपने भाई के साथ ट्रक लेकर भाड़ा लेने जा रहा था। इसी बीच कल्यानपुर हरियाणा ढाबा के समीप ट्रक रोक कर दोनों पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे। तभी एक ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे खलासी सचिन पाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित हुए रवि सिंह का हुआ स्वागत

## - पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष समेत कई लोगों ने घर पहुंचकर दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। यूपीपीसीएस परीक्षा पास कर कमर्शियल टैक्स विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित हुए रवि सिंह का उनके आवास पर पहुंच कर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, शादीपुर सभासद आशुतोष सिंह आशु ने फूलमाला पहनाकर जोरदार




स्वागत किया। इसके बाद मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। रवि के चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। रवि के घर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मोहल्ले वासी, रिश्तेदार और मित्रों ने घर पहुंचकर बधाई दी। शहर के जयराम नगर मोहल्ले के रहने वाले स्व0 फूल सिंह के पुत्र रवि सिंह ने जिले का मान बढ़ाया है। रवि सिंह ने बताया कि वह दमापुर स्थित इंटर कालेज में अध्यापक है। बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ वह कड़ी मेहनत कर यूपीपीसीएस की तैयारी कर रहे थे। इस वर्ष उनकी मेहनत रंग लाई और परीक्षा पास कर असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित हुए है। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि रवि का चयन होने से जिले के बच्चों में प्रतियोगी परीक्षा को लेकर उत्साह बढ़ा है। उम्मीद है कि भविष्य में रवि की तरह अन्य बच्चे भी तैयारी करेंगे और चयनित होकर जिले का मान बढ़ाएंगे। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, नीरज सिंह, सुशील सिंह, शिव ब्यास शुक्ला, प्रेम मोहन श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, रानू सिंह, राम गोपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )